# ज्यादा सप्लाई होने से थोक बाजार में चीनी सस्ती

प्रेट्र ◆ नई दिल्ली

भारी स्टॉक होने और मांग कमजोर रहने के कारण दिल्ली के थोक बाजारों में चीनी के दाम करीब 30 रुपये प्रति क्विंटल घट गए। कारोबारियों के अनुसार चीनी की उपलब्धता के चलते मिलों की बिकवाली का दबाव है जबकि मांग काफी सुस्त है। इस वजह से मिल डिलीवरी एम-30 चीनी के दाम घटकर 3010-3195 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। चीनी एस-30 के दाम घटकर 3000-3175 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। मिल गेट चीनी में अनूपशहर की चीनी 30 रुपये सस्ती होकर 3030 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। मवाना, दोराला, रमाला, बागपत, सुकोती और नजीबाबाद मिलों की चीनी भी 20 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। कारोबारियों के अनुसार मिलों के पास बड़ी मात्रा में चीनी का स्टॉक है जबकि जल्दी ही नया सीजन शुरू हो जाएगा। इसी वजह से मिलें माल निकालने का प्रयास कर रही है।

Business Bhaskar (Hindi.)
24-8-13